**उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड**
(उ0 प्र0 सरकार का उपक्रम)
U.P. POWER CORPORATION LIMITED
(Govt. of Uttar Pradesh Undertaking)
14, अशोक मार्ग, शक्ति भवन, लखनऊ–226001
CIN:U32201UP1999SGC024928-

**संख्या–1614–अधि0प्रब0–03/पाकालि/2019–3(106)ई0एम0–03/2010 दिनांकः 14 अक्टूबर, 2019**

1. लेखाधिकारी (पेंशन)
उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0,
शक्ति भवन विस्तार,
लखनऊ।

2. लेखाधिकारी (वेतन एवं लेखा),
उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0,
शक्ति भवन विस्तार,
लखनऊ।

**विषयः**–स्व0 बृजराज सिंह, (अभिज्ञान संख्या–2010106), दिवंगत सहायक अभियन्ता के आश्रितों को पारिवारिक पेंशन/ग्रेच्युटी/जी0पी0एफ0 व अवशेष वेतन आदि अधिकृत किये जाने की प्रशासनिक स्वीकृति के सम्बन्ध में।

**महोदय,**

स्व0 बृजराज सिंह (अभिज्ञान संख्या–2010106), तत्कालीन उपखण्ड अधिकारी, विद्युत माध्यमिक कार्य खण्ड, अलीगढ़, जो दिनांक 22.07.2013 को दिवंगत हो गये थे, की आश्रिता पत्नी श्रीमती रीटा सिंह को कारपोरेशन के पत्र संख्या–1668–अधि0प्रब0–03/पाकालि/2014–3(106)ई0एम0–03/2010, दिनांक 16.09.2014 द्वारा, आश्रितों का विवरण जिलाधिकारी, आगरा से प्राप्त होने की प्रत्याशा में, अनन्तिम (PROVISIONAL) पेंशन अधिकृत की गयी थी।

इसी मध्य, स्व0 बृजराज सिंह, सहायक अभियन्ता की पहली पत्नी के पुत्र श्री राहुल सिंह ने अपने पिता के सेवानैवृत्तिक देयों को प्राप्त किए जाने हेतु मा0 न्यायालय, अपर जिला जज, अलीगढ़ में सिविल प्रकीर्ण वाद संख्या–226/2015 योजित किया।

श्री राहुल सिंह व श्रीमती रीटा सिंह ने आपसी समझौते के तहत उक्त वाद के निस्तारण हेतु प्रार्थना–पत्र दिनांक 06.03.2019, मा0 न्यायालय अतिरिक्त जिला जज, (कोर्ट सं0–12) अलीगढ़ के समक्ष प्रस्तुत किया। तत्पश्चात् वादी/प्रतिवादी द्वारा दाखिल समझौते पर मा0 न्यायालय ने सहमत होते हुए वाद संख्या–226/2015 को अन्तिम रूप से दिनांक 09.03.2019 को निस्तारित कर दिया है, जिसमें ग्रेच्युटी, जी0पी0एफ0 व अवशेष वेतन आदि में से आधा हिस्सा श्री राहुल सिंह तथा आधा हिस्सा श्रीमती रीटा सिंह व पुत्री कु0 शैली सिंह को प्रदान करने हेतु आदेशित किया गया है।

अतः उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 में अंगीकृत परिषदादेश सं0–893–पेंशन–31/रा0वि0प0/461(पी)1/89 दिनांक 21.06.1991 (यथा संलग्न शासनादेश संख्या–सा–3/1713/10–89–933/89 दिनांक 28.07.1989) में उल्लिखित प्राविधानानुसार मुझे आपसे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया स्व0 बृजराज सिंह (अभिज्ञान संख्या–2010106, सम्प्रेक्षा संख्या–बी–529), तत्कालीन उपखण्ड अधिकारी, विद्युत माध्यमिक कार्यखण्ड, अलीगढ़ के आश्रितों को मा0 न्यायालय, अपर जिला जज, अलीगढ़ में सिविल प्रकीर्ण वाद संख्या–226/2015 के निर्णय दिनांक 09.03.2019 के अनुसार यथा अनुमन्य पारिवारिक पेंशन उनकी पत्नी श्रीमती रीटा सिंह तथा ग्रेच्युटी, जी0पी0एफ0 व अवशेष वेतन आदि में से आधा हिस्सा श्री राहुल सिंह तथा आधा हिस्सा श्रीमती रीटा सिंह व पुत्री कु0 शैली सिंह को प्रदान किए जाने में अब कोई प्रशासनिक आपत्ति नहीं है तथापि इन लाभों को अधिकृत करते समय अवशेष देयों, यदि कोई

.........2

हों, का समायोजन सुनिश्चित कर लिया जाय। साथ ही यह भी सुनिश्चित कर लिया जाय कि विभागीय आवास यदि आवंटित रहा हो, खाली कर दिया गया हो तथा इन पर कोई रेन्ट/पेनल रेन्ट आदि बकाया न हो।

स्व0 बृजराज सिंह (वरिष्ठता क्रमांक–4828), अवर अभियन्ता से प्रोन्नत सहायक अभियन्ता थे, इनके अवर अभियन्ता काल से सम्बन्धित अवशेष देयों, यदि कोई हों, का समायोजन भी सुनिश्चित कर लिया जाये।

कृपया पेंशन इकाई के पत्र संख्या–2540–उ0म0प्र0/पेंशन/13442/13–14 दिनांक 28.08.2019 के सन्दर्भ में उपर्युक्तानुसार कृत कार्यवाही से कारपोरेशन मुख्यालय को भी अवगत कराना सुनिश्चित करें।

भवदीय,

(हिमांशु वार्ष्णेय)
उप सचिव (अ0प्र0–03)

**संख्या–1614(I)–अधि0प्रब0–03/पाकालि/2019, तद्दिनांक:**

**प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–**

पंजीकृत
1. प्रबन्ध निदेशक, दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लि0, ऊर्जा भवन, 220 के0वी0 उपसंस्थान, बाईपास रोड, आगरा–282007.
2. अपर सचिव–तृतीय, उ0प्र0पा0का0लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।

पंजीकृत
3. मुख्य अभियन्ता (वितरण), आगरा क्षेत्र, दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लि0, आगरा।
4. सचिव (ट्रस्ट), उ0प्र0पा0का0लि0, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।
5. उपमहाप्रबन्धक (लेखा प्रशासन), उ0प्र0पा0का0लि0, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।

पंजीकृत
6. अधिशासी अभियन्ता, विद्युत माध्यमिक कार्यखण्ड, दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लि0, लाल डिग्गी, अलीगढ़–202001 को पत्र सं0–257/वि0मा0का0ख0अ0/जे0–2 दिनांक 20.07.2019 के सन्दर्भ में।
7. अधिशासी अभियन्ता (वेब0), उ0प्र0पा0का0लि0, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ को पावर कारपोरेशन की वेबसाइट में अपलोड करने हेतु।

पंजीकृत
8. श्रीमती रीटा सिंह पत्नी स्व0 बृजराज सिंह व कुमारी शैली सिंह पुत्री स्व0 बृजराज सिंह, फ्लैट नं0–103, ब्लॉक–10, लोटस वेलफेयर सोसायटी ओमीकोन–3, ग्रेटर नोएडा, गौतम बुद्ध नगर को इस आशय से प्रेषित कि कृपया अपनी पारिवारिक पेंशन/ग्रेच्युटी प्राप्त करने हेतु सम्बन्धित खण्ड/लेखाधिकारी (पेंशन), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ से यथावश्यक प्रपत्रों सहित अविलम्ब सम्पर्क स्थापित करना सुनिश्चित करें।

पंजीकृत
9. श्री राहुल सिंह पुत्र स्व0 बृजराज सिंह, पता– 3/12, पंचवटी जनकपुरी, अलीगढ़।
10. कट फाइल।

(हिमांशु वार्ष्णेय)
उप सचिव (अ0प्र0–03)